# भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, भोपाल

## नगर प्रशासन विभाग

**खुली निविदा/Open Tender**

निविदा क्र. TAD/SC/U.P./G1/2021-22 दिनांक: 24/01/2022

**समूह -1**

**विषय:- बी.एच.ई.एल. लोक परिसर, भोपाल में लाइसेंस आधार पर यूनिपोल की स्थापना व उपयोग**

Subject: Erection and Utilization of Unipole on license basis in Public Premises of BHEL, Bhopal

बी.एच.ई.एल. लोक परिसर, भोपाल में लाईसेंस आधार पर यूनिपोल की स्थापना व विज्ञापन उपयोग हेतु दो भाग प्रणाली (तकनीकी बिड व वाणिज्यिक बिड) के अंतर्गत निविदाएँ आमंत्रित की जा रही है। तकनीकी रूप से सफल आवेदक की ही वाणिज्यिक बिड खोली जाएगी। यूनिपोल स्थल, आकार, आरक्षित लाईसेंस शुल्क संबंधी विवरण, स्थलों के नक्शों एवं नियम व शर्तें, आदि इस निविदा प्रपत्र में दिये गये है। निविदा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ निम्नानुसार है :

**दस्तावेजों के सूचकांक**


| क्र. | दस्तावेज प्रारूप | परिशिष्ट क्र. | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रक्रिया में भाग लेने हेतु दिशा-निर्देश | परिशिष्ट 1 | 2-3 |
| 2 | आवेदन प्रपत्र | परिशिष्ट 2 | 4 |
| 3 | तकनीकी बिड | परिशिष्ट 3 | 5 |
| 4 | वाणिज्यिक बिड | परिशिष्ट 4 | 6 |
| 5 | निबंधन एवं शर्ते | परिशिष्ट 5 | 7-9 |
| 6 | निर्धारित स्थलो के नक्शे | परिशिष्ट 6 | 10-14 |
| 7 | यूनिपोल फाउन्डेशन एवं स्ट्रक्चर का नमूना डिजाईन | परिशिष्ट 7 | 15 |
| 8 | NEFT/RTGS हेतु बी.एच.ई.एल. बैंक खाते का विवरण | परिशिष्ट 8 | 16 |

# भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, भोपाल

## नगर प्रशासन विभाग

**खुली निविदा/Open Tender**

बी.एच.ई.एल. लोक परिसर, भोपाल में लाइसेंस आधार पर यूनिपोल की स्थापना व उपयोग (समूह 1)

Erection and Utilization of Unipole on License basis in Public Premises of BHEL, Bhopal (Group 1)

**निविदा प्रक्रिया में भाग लेने हेतु दिशा-निर्देश**

निविदा क्र. TAD/SC/U.P./G1/2021-22 दिनांक: 24/01/2022

निविदा प्रक्रिया में भाग लेने हेतु दिशा-निर्देश निम्नानुसार है :

**तालिका क्र. 1**

| क्र | निविदा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ | दिनांक, समय, स्थान, राशि इत्यादि |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का दिनांक एवं समय (निविदा www.bhel.com से भी निविदा दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते है ) | दिनांक 25/01/2022 से 16/02/2022 तक समस्त कार्य दिवस पर प्रात: 9:00 बजे से अप. 12:00 बजे तक |
| 2 | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु नियत स्थान | दुकान प्रकोष्ठ, नगर प्रशासन विभाग, संपदा भवन, हॉस्टल न. 4, पिपलानी, बीएचईएल, भोपाल। दूरभाष- 0755 2503043/3271/5757 |
| 3 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (वेबसाईट से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की दशा में भी शुल्क देय होगा ) | रू. 1000/- (रू. एक हजार मात्र) + GST @ 18% प्रति निविदा (डीडी/POS के माध्यम से देय, उपर्युक्त राशि राजस्व अनुभाग, संपदा भवन, हॉस्टल न. 4, पिपलानी, बीएचईएल, भोपाल में कार्य दिवसों पर प्रात: 9:00 बजे से अप. 14:00 बजे के बीच जमा की जा सकती है। |
| 4 | निविदा पूर्व बैठक शंका-समाधान, आदि हेतु दिनांक, समय एवं स्थल | दिनांक 09/02/2022 अप. 02:30 बजे प्रबंधक (न.प्र.) का कार्यालय, दुकान प्रकोष्ठ, नगर प्रशासन विभाग, संपदा भवन, हॉस्टल न. 4, पिपलानी, बीएचईएल, भोपाल। |
| 5 | निविदा दस्तावेज़ जमा करने का स्थान एवं अंतिम दिनांक | सफेद रंग का निविदा बॉक्स, नगर प्रशासन विभाग, संपदा भवन, हॉस्टल न. 4, A-सेक्टर, पिपलानी, बी.एच.ई.एल., भोपाल, एवं दिनांक 17/02/2022 दोपहर 2:00 बजे तक। |
| 6 | तकनीकी निविदा खुलने का दिनांक, समय एवं स्थान | दिनांक 17/02/2022 दोपहर 04.00 बजे, नगर प्रशासन विभाग, संपदा भवन, हॉस्टल न. 4, पिपलानी, बीएचईएल, भोपाल |
| 7 | धरोहर राशि (EMD) जमा | निविदा (NIT) अनुसार |
| 8 | निविदा की वैधता | निविदा खुलने की दिनांक से 06 माह तक |

1. निविदा दस्तावेज में छेड़छाड़, परिवर्तन या बदलाव न करें। यदि किसी भी समय यह पाया जाता है कि निविदा दस्तावेज में छेड़छाड़, परिवर्तन या बदलाव किया गया हैं तो नियमानुसार आवश्यक लागू कार्यवाई सहित कानूनी कार्यवाई की जाएगी।
2. पूर्णत: भरी हुई एवं हस्ताक्षरित (क) तकनीकी बिड (ख) वाणिज्यिक बिड अलग-अलग मुहरबंद लिफाफे में रखकर लिफाफे पर मुहर/रबड़ स्टैम्प लगाकर जमा करना अनिवार्य है।
3. संबन्धित मुहरबंद लिफाफे के ऊपर तकनीकी निविदा/ वाणिज्यिक निविदा एवं निविदा क्र. लिखना आवश्यक है।
4. दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में मुहर बंद कर उसके ऊपर निविदा क्र. TAD/SC/U.P./G1/2021-22 दिनांक 24/01/2022 एवं समूह संख्या लिखकर लिफाफे पर मुहर/रबड़ स्टैम्प लगाकर जमा करना होगा।
5. निविदा प्रपत्र वेबसाईट www.bhel.com से डाउनलोड किये जा सकते है इस दशा में निविदा प्रपत्र शुल्क रूपये 1,000 (रूपये एक हजार मात्र) GST@18% कुल रु. 1180/- बी.एच.ई.एल. भोपाल के नाम देय डीडी/एसबीआई कलेक्ट के माध्यम से भुगतान कर तकनीकी निविदा के साथ मुहरबंद लिफाफे में डालना होगा, निविदा प्रपत्र शुल्क का भुगतान किए बिना जमा की गई तकनीकी निविदा निरस्त की जा सकती है।

6. **निविदा दस्तावेज:-** तकनीकी बिड, वाणिज्यिक बिड तथा निविदा के निबंधन व शर्तें आदि को प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर कर मुहर/रबर स्टांप लगाकर जमा करना होगा जिसका अभिप्राय है कि निविदा में उल्लिखित नियम व शर्तें आवेदक को स्वीकार्य है। अहस्ताक्षरित अथवा अपूर्ण निविदा अमान्य होगी एवं उस पर विचार न करते हुए उसे अस्वीकृत किया जाएगा। तकनीकी रूप से योग्य निविदाओं की ही वाणिज्यिक बिड खोली जाएंगी।
7. सूची (परिशिष्ट 6) में दर्शाये गए स्थल एवं यूनिपोल की दिशा (facing) केवल सांकेतिक है, निविदा भरने से पहले आवेदक सूची/ नक्शों की उपयुक्तता हेतु संबन्धित क्षेत्र में स्थलों का निरीक्षण कर भौतिक एवं वास्तविक स्थिती सुनिश्चित कर लें। यूनिपोल हेतु स्थल परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जाएगा, केवल तर्कसंगत कारणों से यूनिपोल स्थल में आंशिक परिवर्तन सक्षम प्राधिकारी (अपर महाप्रबंधक, नगरीय) के अनुमोदन से मान्य किया जा सकेगा।
8. वाणिज्यिक निविदा में अधिकतम लाइसेंस शुल्क उद्धरणकर्ता (Highest Bidder/H-1) को बी.एच.ई.एल. भोपाल लोक परिसर में दो वर्ष (प्रबंधन के अनुमोदन पर 01 और अतिरिक्त वर्ष) के लाइसेंस पर यूनिपोल की स्थापना व उपयोग हेतु पात्र माना जाएगा, निविदा जमा करने के बाद आवेदक द्वारा वाणिज्यिक बिड में उद्धृत (quoted) की गई दर में किसी प्रकार का परिवर्तन/संशोधन मान्य नहीं होगा।
9. सफल आवेदक द्वारा जमा की गई धरोहर राशि (EMD) को अनुमति पत्र जारी किए जाने पर प्रतिभूति जमा (SD) में समायोजित किया जाएगा तथा असफल निविदाकारों की धरोहर राशि (बिना ब्याज के) ईएफटी/चैक द्वारा अनुमति पत्र जारी होने के उपरांत सामान्यत: 30 दिनों के भीतर वापस कर दी जाएगी, इस हेतु असफल आवेदक को आवेदन कर रसीद की मूल प्रति एवं बैंक डिटेल्स प्रदान करना होगा।
10. सफल आवेदक द्वारा जमा की गई धरोहर राशि (EMD) निम्नलिखित दशाओं में जब्त कर ली जाएगी :
    10.1 आशय पत्र प्राप्ति से पूर्व निविदा की नियम व शर्तों से मुकरने पर।
    10.2 बी.एच.ई.एल. द्वारा जारी आशय पत्र की प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर लाइसेंस एवं अन्य शुल्क जमा नहीं करने और/अथवा शुल्क जमा कर 07 दिनों के भीतर लाइसेंस अनुबंध निष्पादित नहीं करने पर।
11. निविदा आवेदन पत्र में लाइसेंसी द्वारा दिये पते/संपर्क सूत्र (ई-मेल, मोबाइल नंबर आदि) पर बी.एच.ई.एल. प्राधिकारी द्वारा प्रेषित किया गया कोई भी संदेश/जानकारी/सूचना मान्य होगी जैसे कि रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से भेजी गई सूचना, ई-मेल आदि।
12. निविदा में किसी भी प्रकार के परिवर्तन/संशोधन (यदि कोई) की सूचना केवल वेबसाइट www.bhel.com पर ही प्रदर्शित की जाएगी।
13. आवेदक किसी भी शंका, संशय, समाधान, आदि हेतु निविदा प्रक्रिया के दौरान तकनीकी बिड खुलने से पूर्व अधोहस्ताक्षरी से लिखित रूप में संपर्क कर सकता है। आवेदक सम्पूर्ण रूप से स्पष्ट होकर ही निविदा प्रक्रिया में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करें।
14. आवेदक को निविदा के सभी नियम एवं शर्तें मान्य होंगी। निविदा के किसी भी नियम व शर्तें न मानने की दशा में आवेदक को निविदा प्रक्रिया के किसी भी चरण में अपात्र घोषित कर निविदा प्रक्रिया से बाहर किया जाएगा।
15. यूनिपोल के आकार, स्थल, संख्या आदि संबंधी जानकारी वाणिज्यिक बिड अनुसार होगी।
16. निविदा भरने से पूर्व आवेदक को सूची/नक्शों की उपयुक्तता हेतु संबंधित क्षेत्र में स्थलों का भौतिक एवं वास्तविक निरीक्षण कर निविदा भरना होगा जिसका यह तात्पर्य होगा कि आवेदक प्रदत्त स्थलों से संतुष्ट है।
17. निविदा संबंधी किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में अपर महाप्रबंधक (नगरीय) का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
18. यह निविदा किसी भी समय कोई भी कारण दर्शाये बिना निरस्त की जा सकती है। इस हेतु निविदकार को हुई क्षति हेतु बीएचईएल जिम्मेदार नहीं होगा न ही बीएचईएल को पक्षकार बनाया जाएगा।

बी.एच.ई.एल. के लिए तथा उसकी ओर से

प्रबंधक (नगर प्रशासन)

# समूह – 1 (यूनिपोल)

**निविदा आवेदन प्रपत्र**

| |
|---|
| निविदाकार का स्वहस्ताक्षरित पासपोर्ट आकार का नवीनतम फोटो |

प्रति,

**प्रबंधक**
दुकान प्रकोष्ठ, नगर प्रशासन विभाग,
सम्पदा भवन, हॉस्टल न. 4, पिपलानी,
भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड,
पिपलानी, भोपाल, म. प्र. – 462022

**विषय: बी.एच.ई.एल. लोक परिसर भोपाल में लाइसेंस आधार पर यूनिपोल की स्थापना व उपयोग हेतु आवेदन।**

**आवेदक का विवरण:**

1. आवेदक का नाम (स्पष्ट अक्षरों में) : ______________________________________________
2. आवेदक के पिता /पति/निदेशक (कंपनी की स्थिति में) का नाम ______________________________
3. आवेदक की आयु _____वर्ष
4. लिंग ______________
5. आवेदक के कार्यालय का पूरा पता :______________________________________________
   ______________________________________________________________________
   ______________________________________________________ पिन: ___________
6. आवेदक के निवास का पूरा पता : ______________________________________________
   ______________________________________________________________________
   _______________________________________________________ पिन: __________
7. टेलीफोन नं. ______________ मोबाइल नं. (1)_______________ मोबाइल नं. (2)____________
8. आवेदक द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली ई-मेल आईडी: ____________________________________
9. आवेदक द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि का विवरण, यदि कोई हो:
10. प्राधिकृत प्रतिनिधि का नाम ___________________________________________________
11. टेलीफोन नं. ______________ मोबाइल नं. (1)_______________ मोबाइल नं. (2)__________
12. आईडी प्रूफ _______________________
13. आवेदक एजेंसी के साथ अनुभव ____________

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि निविदा में वर्णित स्थलों/साईट को यूनिपोल लगाने के लिए उपयुक्त पाता हूँ और पूरी तरह से स्थल की वस्तुस्थिति से अवगत एवं संतुष्ट हूँ। मुझे पूर्ण रूप से पता है कि संलग्न दस्तावेज़ में दिये गए स्थल/साइट सांकेतिक हैं जिसमें भविष्य में बी.एच.ई.एल. द्वारा किए जाने वाले परिवर्तन/उपयोग पर मुझे आपत्ति नहीं होगी।

मैंने निविदा प्रपत्र एवं उल्लेखित नियम व शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है जो कि मुझे स्पष्ट एवं स्वीकार है।

दिनांक: ____________________

स्थान: ____________________ आवेदक के हस्ताक्षर एवं मुहर

# इस आवेदन पत्र को तकनीकी बिड के साथ मुख पृष्ट के रूप में रखें।

## तकनीकी बिड (समूह 1)

**बी.एच.ई.एल. उद्योग नगरी में लाइसेंस आधार पर यूनिपोल की स्थापना व उपयोग की अनुमति हेतु निविदा।**

संदर्भ: निविदा क्र. TAD/SC/U.P./G1/2021-22 दिनांक 24/01/2022

1. आवेदक का नाम (स्पष्ट अक्षरों में) : ________________________________________________

2. पता :____________________________________________________________

____________________________________________________________ पिन:____________

3.टेलीफोन नं. _______________ मोबाइल नं. _______________ ई-मेल आईडी: ____________________

**तकनीकी योग्यता हेतु पात्रता के मापदंड:**

**तालिका क्र. 2**

| क्रमांक | मापदण्ड | वांछित दस्तावेज |
|---|---|---|
| 1. | आवेदक के पास यूनिपोल/होर्डिंग के ठेके/कार्य हेतु निविदा जारी की जाने की दिनांक से एक माह पूर्व से पिछले सात वर्षों के भीतर का अनुभव होना आवश्यक है। उपर्युक्त पूर्ण किए गए ठेके/कार्य का मूल्य निम्नानुसार में से कोई एक हो:<br>(क) न्यूनतम रू. 9,67,040/- के तीन कार्य, अथवा<br>(ख) न्यूनतम रू. 12,08,800/- के दो कार्य, अथवा<br>(ग) न्यूनतम रू. 19,34,080/- का एक कार्य | कार्यादेश/लाइसेंस/लाइसेंस अनुबंध आदि एवं कार्य समाप्ति/पूर्णता का प्रमाण पत्र जिसमें कार्य के प्रारंभ किये जाने एवं समाप्ति की दिनांक एवं निष्पादित कार्य के मूल्य का उल्लेख हो। |
| 2. | आवेदक के द्वारा पिछले तीन वर्षों अर्थात वित्तीय वर्ष 2018-19, 2019-20 एवं 2020-21 के दौरान औसत वार्षिक वित्तीय कारोबार न्यूनतम रु. 7,25,280/- का होना चाहिए। | सहायक दस्तावेज़ के रूप में संबन्धित वित्तीय वर्ष हेतु प्रमाणित लेखा परीक्षा (जैसा लागू हो) प्रदान करना होगा। |
| 3. | निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1,000/- + CGST@9% +SGST @9% (कुल रू. 1,180/-) | डीडी क्र./POS/रसीद नं. ....................<br>दिनांक ................................<br>जमा का विवरण : संलग्न |
| 4. | धरोहर राशि रू. 48,352/- | डीडी क्र./POS/रसीद नं. ....................<br>दिनांक ................................<br>जमा का विवरण : संलग्न |
| 5. | आवेदक की स्थिति का विवरण :<br>व्यक्ति/भागीदार/ट्रस्टी/संचालक/आदि | स्थिति हेतु संबंधित दस्तावेज की छायाप्रति |
| 6. | स्थापना की पंजीयन संख्या | पंजीयन पत्र की छायाप्रति |
| 7. | आवेदक का पेन/PAN (आयकर संबंधी) | PAN कार्ड की छायाप्रति |
| 8. | GST क्र. (जैसा लागू हो) | छायाप्रति |

मै यह घोषणा करता/करती हूँ कि वर्णित तथ्य/दस्तावेज़ मेरी जानकारी के अनुसार सत्य, सही व पूर्ण है। मै यह भी जानता/जानती हूँ कि अपूर्ण/असत्य जानकारी/दस्तावेज जमा करने पर निविदा की किसी भी स्थिति पर निविदा को तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा एवं/अथवा मेरे द्वारा प्रस्तुत वाणिज्यिक निविदा पर विचार न करते हुये निविदा अमान्य कर दी जाएगी। बीएचईएल द्वारा आवश्यकता होने अथवा उपर्युक्त जानकारी/दस्तावेज से संतुष्ट न होने की दशा में वांछित दस्तावेज बिना किसी देरी के प्रस्तुत न करने पर मुझे तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित किये जाने पर मुझे आपत्ति नहीं होगी। वाणिज्यिक बिड (परिशिष्ट-4) अलग मुहरबंद लिफाफे में रखा गया है।

दिनांक ....................................

स्थान .....................................

आवेदक के हस्ताक्षर एवं मुहर

**वाणिज्यिक बिड (समूह 1)**

**बी.एच.ई.एल. लोक परिसर भोपाल में लाइसेंस आधार पर यूनिपोल की स्थापना व उपयोग हेतु**

संदर्भ: निविदा क्र. TAD/SC/U.P./G1/2021-22 दिनांक 24/01/2022

1. आवेदक का नाम (स्पष्ट अक्षरों में) : _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _
2. पता :_ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _
_ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ पिन:_ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _
3. टेलीफोन नं. _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ मोबाइल नं. _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ ई-मेल आईडी: _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _

**तालिका क्र. 3**

| **क्र.** | **यूनिपोल का स्थान** | **यूनिपोल आकार (फीट में)** | **यूनिपोल कोड** | **आवेदक द्वारा कुल 10 यूनिपोल हेतु उद्धृत वार्षिक लाइसेंस शुल्क का विवरण:** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | NEAR CULTURAL HALL GATE, PIPLANI | 20'x10' | BHEL/U1/1/10 | अंकों में रु. _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _<br><br>शब्दों में रु. _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ |
| 2 | CORNER OF GHANDHI GARDEN, NEAR PIPLANI PETROL PUMP | 20'x10' | BHEL/U1/2/10 | |
| 3 | NEAR GANDHI MARKET, PIPLANI | 20'x10' | BHEL/U1/3/10 | |
| 4 | NEAR MAHATMA GANDHI CHOURAHA PIPLANI | 20'x10' | BHEL/U1/4/10 | |
| 5 | NEAR AWADHPURI TIRAHA, BERKHERA | 20'x10' | BHEL/U1/5/10 | |
| 6 | NEAR ST. XAVIER SCHOOL, BERKHERA | 20'x10' | BHEL/U1/6/10 | |
| 7 | NEAR GURUDWARA CHOURAHA, BERKHERA | 20'x10' | BHEL/U1/7/10 | |
| 8 | NEAR CARREAR COLLEGE TIRAHA, GOVINDPURA | 20'x10' | BHEL/U1/8/10 | |
| 9 | NEAR CHETAK BRIDGE | 20'x10' | BHEL/U1/9/10 | |
| 10 | ITI TIRAHA, B-SECTOR, GOVINDPURA | 20'x10' | BHEL/U1/10/10 | |
| | यूनिपोल की कुल संख्या 10 | | | |
| | **कुल वार्षिक आरक्षित लाइसेंस शुल्क रूपये 24,17,600/- (रूपये चौबीस लाख सत्रह हजार छः सौ मात्र)** | | | |

**दिशा-निर्देश :-**

1. वाणिज्यिक निविदा को अलग सीलबंद लिफाफे में रखें।
2. लिफाफे के ऊपर 'वाणिज्यिक निविदा' , आवेदक का नाम, पता एवं मोबाइल नं. स्पष्ट अक्षरों में लिखा होना अनिवार्य है।
3. आवेदक द्वारा उद्धृत वार्षिक लाइसेंस शुल्क अंकों एवं शब्दों में लिखा होना अनिवार्य है, अंकों में एवं शब्दों में विभिन्नता की दशा में शब्दों में उद्धृत राशि मान्य की जाएगी।
4. आरक्षित लाइसेंस शुल्क से कम उद्धृत राशि मान्य नहीं होगी।
5. काँट-छांट होने पर निविदा अमान्य की जा सकती है।
6. लाईसेंसी द्वारा कुल उद्धृत वार्षिक लाइसेंस शुल्क पर 18% की दर से GST अतिरिक्त देय होगा। कुल उद्धृत वार्षिक लाइसेंस शुल्क में कोई कर/सेस/आदि शामिल नहीं है।
7. विवाद की किसी भी दशा में अपर महाप्रबंधक (नगरीय प्रशासन), बी.एच.ई.एल, भोपाल का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

**घोषणा:-**

मैंने निविदा दस्तावेजों को ध्यान पूर्वक पढ़ और समझ लिया है एवं मुझे निविदा अंतर्गत सभी जानकारी, नियम एवं शर्तें मान्य हैं।

दिनांक : _ _ _ _ _ _ _ _ _
स्थान: _ _ _ _ _ _ _ _ _ _

आवेदक के हस्ताक्षर एवं मुहर /
हाथ के अंगूठे का निशान

**बी.एच.ई.एल. लोक परिसर भोपाल में लाइसेंस आधार पर यूनिपोल की स्थापना व उपयोग हेतु निबंधन एवं शर्तें।**

1. बी.एच.ई.एल. लोक परिसर में वाणिज्यिक बिड (परिशिष्ट-4) के अंतर्गत दिये गये यूनिपोल सूचीबद्ध स्थलों (नक्शों के अनुसार) पर लगाये जा सकते हैं। सूची/नक्शों में दर्शाये गए स्थल एवं यूनिपोल की दिशा (facing) केवल सांकेतिक है।
2. यूनिपोल हेतु स्थल परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जाएगा। तर्कसंगत कारणों से यूनिपोल स्थल में आंशिक (10 से 15 फिट) परिवर्तन मान्य किया जा सकेगा।
3. यूनिपोल स्थापित करने के लिए पंजीकृत सिविल/स्ट्रक्चर इंजीनियर द्वारा प्रमाणित/अनुमोदित फाउन्डेशन एवं एक समान (Uniform) स्ट्रक्चर डिजाईन (Specifying Manufacturing Standard, Design Standard, Dimensions, Manufacturing Specification, Characteristic Properties – bending, shear, deflection, Assumptions, Limitation, etc. as applicable) निविदा दस्तावेजों के साथ जमा करना होगा जिसके अनुसार ही यूनिपोल की स्थापना बीएचईएल की स्वीकृति के अनुसार की जा सकेगी। सुलभ संदर्भ हेतु फाउन्डेशन एवं स्ट्रक्चर का नमूना डिजाईन परिशिष्ट 7 में संलग्न है।
4. लाइसेंस अनुबंध उपरांत प्रदत्त लाइसेंस पूर्णतः अस्थाई/अहस्तांतर्णीय होगा, जिसे कंपनी की आवश्यकतानुसार निरस्त किया जा सकता है।
5. तकनीकी रूप से सफल एवं परिशिष्ट-4 में अधिकतम लाइसेंस शुल्क उद्धत करने वाले (H1) आवेदक को दो वर्ष के लाइसेंस पर यूनिपोल की स्थापना एवं उपयोग का अधिकार दिया जाएगा। लाइसेंसी के अनुरोध एवं उसके द्वारा लाइसेंस अनुबंध के निबंधन व शर्तों के संतोषजनक पालन पर प्राधिकृत अधिकारी के निर्णयानुसार लाइसेंस अवधि को तृतीय वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकेगा।
6. लाइसेंस शुल्क का निर्धारण निम्नानुसार किया जाएगा :

| क्र | अवधि | लाइसेंस शुल्क | सूत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | लाइसेंस जारी करने के वर्ष (12 माह) हेतु | आवेदक द्वारा उद्धत अधिकतम शुल्क | X |
| 2 | लाइसेंस जारी होने के द्वितीय वर्ष हेतु | प्रथम वर्ष की लाइसेंस शुल्क पर 5% वृद्धि के साथ | Y = 1.05X |
| 3 | लाइसेंस जारी होने के तृतीय वर्ष हेतु (उपर्युक्त बिन्दु क्र. 05 लागू होने पर ) | द्वितीय वर्ष की लाइसेंस शुल्क पर 5% वृद्धि के साथ | Z = 1.05Y |

7. GST@18%, प्रतिभूति जमा आदि अन्य शुल्क आवेदक द्वारा अतिरिक्त देय होंगे।
8. सफल आवेदक को निविदा प्रक्रिया की पूर्णता पर लाइसेंस अनुबंध तदेव लाइसेंस जारी किए जाने हेतु नगर प्रशासन विभाग से आशय पत्र प्रेषित किया जाएगा। जिसके प्रत्युत्तर में पत्र प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर निर्धारित लाइसेंस शुल्क, जी.एस.टी. एवं अन्य शुल्क (प्रतिभूति जमा आदि) का भुगतान बी.एच.ई.एल. भोपाल के पक्ष में डी.डी./ईएफटी/चैक के माध्यम से करना होगा। आवेदक को राशि जमा करने से 07 दिनों के भीतर रू. 1000/- के नॉनज्यूडिसियल स्टाम्प पेपर पर लाइसेंस अनुबंध करने हेतु स्वयं अथवा प्राधिकृत प्रतिनिधि को नगर प्रशासन, दुकान प्रकोष्ठ में उपस्थित होना होगा अन्यथा लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया समाप्त कर धरोहर राशि जब्त की जा सकती है एवं भविष्य में एक वर्ष तक होने वाली निविदा प्रक्रियाओं में आवेदक को शामिल नहीं किया जाएगा।
9. सफल आवेदक द्वारा दो वर्ष की लाइसेंस शुल्क का 5% (5 प्रतिशत) प्रतिभूति राशि (SD) के रूप में लाईसेंस अनुबंध से पूर्व जमा करना होगा। प्रतिभूति राशि बी.एच.ई.एल. भोपाल के पक्ष में डी.डी. द्वारा जमा की जा सकती है। सफल आवेदक द्वारा जमा की गई धरोहर राशि (EMD) को आशय पत्र जारी किए जाने के पश्चात प्रतिभूति जमा (SD) में समायोजित किया जा सकता है।
10. लाइसेंसी को परिशिष्ट-4 में दी गई यूनिपोल की संख्या, आकार एवं चिन्हित स्थलों पर ही यूनिपोल लगाने होंगे। अनुमत स्थलों की संख्या से अधिक यूनिपोल लगाने पर रू. 1000/- प्रतिदिन प्रति यूनिपोल जुर्माना अधिरोपित किया जाएगा। उपर्युक्त अनियमिता 7 दिनों के भीतर समाप्त नहीं किये जाने की दशा में प्रतिभूति जमा राशि को जब्त कर लाईसेंस अनुबंध रद्द किया जा सकता है।
11. यूनिपोल का आकार 20 फिट लंबाई x 10 फिट ऊंचाई x 1.5 फिट चौड़ाई हो सकता है, विज्ञापन हेतु उपयोग दोनों पृष्ठों पर किया जा सकता है जिस हेतु किसी एक पृष्ठ पर अधिकतम 20 फिट x 10 फिट का उपयोग स्वीकार्य होगा। यदि लाईसेंसी द्वारा विज्ञापन प्रदर्शन हेतु यूनिपोल के किसी एक ही पृष्ठ का उपयोग किया जाता है तो लाईसेंस शुल्क में किसी प्रकार की छूट प्रदान नहीं की जाएगी। लाईसेंसी प्रस्तावित स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर यह सुनिश्चित कर लें कि उपर्युक्त स्थल यूनिपोल हेतु उपयुक्त है। बीएचईएल किसी भी रूप में बाध्य नहीं है कि वह लाईसेंसी के वाणिज्यिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु स्थल में परिवर्तन करे।
12. यूनिपोल लगाने का कार्य लाईसेंसी स्वयं के व्यय पर करेगा। प्रथम वर्ष हेतु लाइसेंस अवधि लाइसेंस अनुबंध की दिनांक से अथवा लाइसेंस शुल्क एवं अन्य शुल्क के भुगतान के 07 वे दिन जो भी पहले हो से प्रारम्भ होगी जो एक वर्ष तक वैध रहेगी। द्वितीय /तृतीय वर्ष हेतु लाइसेंस अवधि लाइसेंस समाप्ती की दिनांक से अगले एक वर्ष हेतु वैध रहेगी।
13. लाइसेंसी द्वारा यूनिपोल को न लगाने अथवा उपयोग न करने पर कोई रियायत अथवा लाइसेंस शुल्क में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी।

14. मौजूदा सड़क/ फुटपाथ/ सेवा रोड से 3 मीटर की दूरी पर यूनिपोल लगाया जा सकेगा।
15. यूनिपोल के संबंध मे राज्य सरकार अथवा संबंधित संस्था/आयोग/निगम आदि द्वारा किसी भी प्रकार का कर या उगाही यदि देय हैं तो वह पूर्णतः लाईसेंसी की जिम्मेदारी होगी, बी.एच.ई.एल. प्रबंधन किसी स्तर पर इसके लिए उत्तरदायी नही होगा। लाइसेंस शुल्क में किसी भी प्रकार का कर सम्मिलित नही है।
16. राज्य सरकार एवं/अथवा नगर निगम द्वारा समय-समय पर पारित नियम एवं शर्तें लाइसेंसी द्वारा मान्य होंगी एवं इस संदर्भ में होने वाले खर्च का वहन लाइसेंसी को ही करना होगा।
17. यूनिपोल और इसकी सहायक सामग्री तथा उसके रख-रखाव की पूरी जिम्मेदारी लाइसेंसी की होगी। जहां पर यूनिपोल/होर्डिंग्स पूर्व मे स्थापित है, तथा उनमें बी.एच.ई.एल. अथवा सम्बद्ध संस्था का संदेश है उन पर लाईसेंसी का कोई अधिकार नही होगा एवं वे यथावत बने रहेंगे।
18. लाइसेंसी को बी.एच.ई.एल. लोक परिसर में परिशिष्ट 4 अनुसार यूनिपोल लगाने एवं उपयोग करने के अतिरिक्त कोई अधिकार नही होगा।
19. यूनिपोल के गिरने या उसके किसी भाग या उसके किसी प्रकार संलग्नक या किसी भी प्रकार के कृत्य से कोई हानि होती है तो इसकी जिम्मेदारी लाईसेंसी की होगी। लाइसेंसी को यूनिपोल की सुरक्षा (safety) एवं स्थायीता (stability) का सम्पूर्ण ध्यान रखना होगा ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या जन हानि न हो। दुर्घटना होने पर सम्बंधित व्यक्ति/संस्था को मुआवजा देने एवं विधिक कार्यवाही की समस्त जवाबदारी लाइसेंसी की होगी इस हेतु बी.एच.ई.एल. को पक्षकार नहीं बनाया जाएगा।
20. यूनिपोल पर निम्नानुसार नकारात्मक तथा आपत्तिजनक विज्ञापन की अनुमति नहीं होगी।
(A) अश्लील (B) रंगभेदी विज्ञापन या ऐसे विज्ञापन जो जाति, समुदाय या वर्णभेद को विज्ञापित कर रहे हैं (C) मादक पदार्थो शराब सिगरेट या तंबाकू के पदार्थ को प्रोन्नत करने वाले विज्ञापन (D) महिलाओं या बच्चों के शोषण को प्रचारित करने वाले विज्ञापन की अनुमति नहीं होगी (E) कामवासना को उत्तेजित करने वाले विज्ञापन (F) पशुओं के प्रति क्रूरता दर्शित करने वाले विज्ञापन (G) देशद्रोह प्रकट करने वाले विज्ञापन (H) किसी ब्रांड या व्यक्ति को कलंकित करने वाले विज्ञापन (I) किसी विधि द्वारा प्रतिबंधित विज्ञापन (J) हिंसा को महिमा मंडित करने वाले विज्ञापन (K) विध्वंसात्मक डिवाइस और विस्फोटकों को प्रदर्शित करने वाले विज्ञापन (L) कोई सईकेडलिक, लेजर या मुविंग डिस्प्ले (M) हथियारों और उससे संबंधित विज्ञापन (N) ऐसे विज्ञापन जो मानहानिकारक या व्यापारिक प्रतिस्पर्धा या विधि विरूध्द रूप से धमकाने या पीड़ित करने के संबंध में है (O) ऐसे विज्ञापन जो अश्लील हो या पोर्न प्रकृति के हो या जिसमें महिला को अशिष्ट किया जाना सम्मिलित है।
21. लाइसेंसी यूनिपोल के साईज, निर्माण, उंचाई, स्थिति, स्थान और लिपी इत्यादि के बारे में कम्पनी द्वारा समय-समय पर बनाए गए नियमों का पालन करेगा। बी.एच.ई.एल. नगर प्रशासन विभाग के प्रतिनिधि द्वारा जब भी यह लाइसेंस मांगा जाए तब आपको लाइसेंस दर्शाना/प्रस्तुत करना होगा।
22. यूनिपोल पर ऐसे आकारों का उपयोग नही किया जायेगा जिससे अधिकारिक यातायात चिन्हों की प्रभावशीलता भ्रमित हो और न ही ऐसे रंग संयोजन का उपयोग किया जायेगा जिसका परिणाम त्रुटिवश अधिकारिक यातायात संकेत के रूप में निकलता हो।
23. यूनिपोल पर केंद्रीय/राज्य सरकार एवं बी.एच.ई.एल. के विरुद्ध तथा किसी समुदाय/सम्प्रदाय को ठेस पहुचाने वाले स्लोगन/नारे/प्रचार/भाषा का उपयोग नही किया जायेगा।
24. पूर्व सूचना एवं कारण बताए बगैर इस अनुमति/ लाइसेंस का प्रतिसंहरण/ वापस लेना बी.एच.ई.एल. प्रबंधन के विवेक पर निर्भर रहेगा। इसके अतिरिक्त बी.एच.ई.एल. प्रबंधन को यह अधिकार होगा कि वो परिशिष्ट 4 में अंकित किसी भी स्थान पर यूनिपोल हेतु अनुमति प्रदान न करे अथवा आवश्यकता पडने पर उस स्थान के लाइसेंस/ अनुमति को समाप्त करे।
25. लाइसेंसी को यूनिपोल के समीप साफ सफाई/हरियाली/सुन्दरता बनाये रखना होगा।
26. यदि किसी कारणवश लाइसेंसी द्वारा लाइसेंस अवधि के दौरान कार्य को समाप्त/छोड़/निरस्त कर दिया जाता है तो बी.एच.ई.एल. द्वारा लाइसेंस शुल्क वापिस नही की जाएगी।
27. लाइसेंसी को लाइसेंस जारी होने की दिनांक से एक माह के भीतर प्रत्येक यूनिपोल के नीचे छोटे अक्षरों में लाइसेंसी का नाम, फोन नं., यूनिपोल क्रमांक (परिशिष्ट 4 के अनुसार) लिखना होगा।
28. लाइसेंस के प्रतिसंहरण होने पर या लाइसेंस की समाप्ति पर उक्त परिसर का कब्जा 7 दिन के भीतर बी.एच.ई.एल. को ठीक हालत में सौंप देना होगा।
29. यदि लाइसेंसी निर्दिष्ट अवधि के भीतर उक्त परिसर खाली नहीं करता है तो लाइसेंसदाता को लाइसेंसी के खर्चे और हर्जाने पर उसे बेदखल करने की पात्रता होगी एवं/अथवा जब तक लाइसेंसदाता को लाइसेन्सी से खाली परिसर का कब्जा प्राप्त नही हो जाता तब तक क्षतिपूर्ति के तौर पर रू. 1000/- प्रतिदिन प्रति यूनिपोल की दर से अन्तःकालीन लाभ वसूल करने का अधिकार होगा।
30. यूनिपोल विज्ञापन हेतु खाली होने पर बी.एच.ई.एल. के नगर प्रशासन विभाग द्वारा उसका जनहित में उपयोग किया जा सकता हैं एवं इस हेतु बी.एच.ई.एल. द्वारा कोई शुल्क देय नही होगा।
31. उपर्युक्त निबंधन एवं शर्तो के उल्लंघन एवं/अथवा लाइसेंस अनुबंध के अनुपालन में अनियमिता पाए जाने पर लागू जुर्माना अधिरोपित होने पर लाइसेंसी को तत्काल प्रभाव से उल्लंघन/अनियमिता को समाप्त कर मूल अवस्था में लाकर इसकी सूचना लाइसेंसदाता को प्रदान करनी होगी। उल्लंघन की दो या उससे अधिक पुनरावृत्ति होने पर सात दिन का

नोटिस देकर लाइसेंस निरस्त कर बेदखली की कार्यवाही की जा सकती है। लाइसेंस के निरस्तीकरण पर लाइसेंसी को लाइसेंस शुल्क, प्रतिभूति जमा आदि किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाएगा।

32. निबंधन एवं शर्तो के अधीन किसी भी विवाद की दशा में अपर महाप्रबंधक (नगरीय) बी.एच.ई.एल. भोपाल या उनके द्वारा नामित किसी अन्य बीएचईएल अधिकारी का निर्णय लाइसेंसी पर अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
33. यूनिपोल के लिए दिया गया स्थान 'लोक परिसर (अनधिकृत अधिभोगी की बेदखली) अधिनियम 1971' के अधीन है। अत: लाइसेंस निरस्तीकरण पर संपदा अधिकारी के न्यायालय में मामला प्रस्तुत किया जा सकता है
34. निविदा/ लाइसेंस अनुबंध से जुडे न्यायायिक प्रकरण के निराकरण हेतु स्थान भोपाल रहेगा।


दिनांक : ............................................

स्थान : ..............................................    आवेदक के हस्ताक्षर एवं मुहर/ सील


## 1. NEAR CULTURAL HALL GATE, PIPLANI





## 2. CORNER OF GHANDHI GARDEN, NEAR PIPLANI PETROL PUMP



## 3. NEAR GANDHI MARKET, PIPLANI




## 4. NEAR MAHATMA GANDHI CHOURAHA, PIPLANI




## 5. NEAR AWADHPURI TITRAHA, BERKHERA




## 6. NEAR ST. XAVIER SCHOOL, BERKHERA



## 7. NEAR GURUDWARA CHOURAHA, BERKHERA





## 8. NEAR CARREAR COLLEGE TIRAHA, GOVINDPURA





## 9. NEAR CHETAK BRIDGE




## 10. ITI TIRAHA, B-SECTOR, GOVINDPURA






Width of Unipole should be uniform on both sides and should not be more than 1.5' (18") each side.

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, भोपाल
(भारत सरकार का उपक्रम)

**Bharat Heavy Electricals Limited, Bhopal**
(A Govt. of India undertaking)
उत्कृष्टता की ओर अग्रसर
"Marching Towards Business Excellence"

TO WHOM SO EVER IS CONCERNED.

Details for receiving Bank Account for NEFT/RTGS payment.

1. Name of Beneficiary : BHARAT HEAVY ELECTRICALS LTD.
2. Name of the Bank : State Bank of India
3. Bank of Branch Address : HET, Piplani, Bhopal (M.P.)-462021
4. Account No. : 30855948540
5. IFSC Code : SBIN0000519
6. MICR : 462002011
7. Title of Account : Current Account
8. PAN No. : AAACB4146P

Place: Bhopal

Date : 19-01-2016

19/01/16
चेतन मेहर
CHETAN MEHAR
Signature & Seal
वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त)
Sr. Manager (Finance)
बी.एच.ई.एल. भोपाल / BHEL, BHOPAL

We certify that the above bank details are correct as per our record.

21/1/16
Banker Signature & Seal
S.K. JAIN
SBN-2917